an>

Title: Need to complete various irrigation projects and check erosion caused by various rivers in Begusarai Parliamentary Constituency of Bihar.

डॉ. भोला सिंह(बेगूसराय) : महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कुछ आग्रह करना चाहता हूँ। बेगूसराय पाँच नदियों का जिला है। जिस तरह से पंजाब को पंचनद कहा जाता है। बेगूसराय भी पंचनद के नाम से विख्यात है।

माननीय अध्यक्ष : आजकल बेगूसराय का भाग्य जोरों पर है, रोज नम्बर आ रहा है।

डॉ. भोला सिंह : दुर्भाग्य है कि जो ये नदियाँ हैं, नमामि गंगा, बूढ़ी गंडक, बलान, बैंती, बाया, इनका पानी तो अमृत है, पर इसके नीचे का पानी आर्सेनिक से भरा हुआ है। इलाके का अवाम, लगभग 10 लाख लोग, इन नदियों के किनारे जो बसे हुए हैं, उन्हें टी.बी., कैंसर, घेंघा आदि रोग हो रहे हैं। वे पानी की जगह पर जहर पी रहे हैं। हमारी भारत सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति चिन्तित है और एक अच्छी सूरत में लोगों को वह चाहती है।

13.00 hours

मैं आपके माध्यम से चाहता हूँ कि उस इलाके में सरकार शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करे। दूसरी बात यह है कि जो नदी का पानी है, उससे सिंचाई की व्यवस्था करे और तीसरी बात यह है कि इस नदी के चलते जो भूमि का कटाव हो रहा है, उससे सुरक्षा प्रदान करे। मैं इस ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ।